www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, मंगलवार,17 फरवरी 2026

## सुविचार



मृत्यु अवश्यंभावी है। हर कोई इसे जानता है, लेकिन अधिकांश लोग इसे दिल से स्वीकार नहीं करते। यह कारण है कि मृत्यु जीवन की सबसे कठिन चुनौती है।

- स्वामी दयानंद सरस्वती

## बरेली के प्रमुख समाचार

- चार बदमाश गिरफ्तार, दो के पैर में लगी गोली-II
- शत्रु संपत्ति पर बने हैं थाना, स्कूल-मंदिर और कब्रिस्तान-III
- जकड़न और वायरल के मरीजों की भरमार-IV

## सिटी ब्रीफ

### जूनियर हॉकी की जिला टीम का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 फरवरी को गोरखपुर में आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए बरेली की टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन किया गया। टीम में रागिनी कश्यप समीक्षा गुप्ता, सोनाली मौर्या, गुजंन राठौर, अंजली शर्मा, वैष्णवी, राधा, गौरी, अनामिका और शगुन गुप्ता का चयन किया गया। मंडलीय स्तरीय ट्रायल का आयोजन मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। ट्रायल के अवसर पर कोच शिल्पा सिंह मौजूद रही।

### फाटक का बूम टूटा रेल यातायात प्रभावित

**बरेली/फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार :** सोमवार दोपहर बिलपुर रेलवे क्रॉसिंग संख्या 344 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बूम क्षतिग्रस्त हो गया। करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। बदायूं–दातागंज मार्ग से नेशनल हाईवे की ओर जा रहे एक वाहन ने बंद होते रेलवे फाटक को पार करने की कोशिश में बूम तोड़ दिया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रेल कर्मचारी मौके पर पहुंचे। आपात स्लाइड बूम लगाकर ट्रेनों का आवागमन सुरक्षित रूप से जारी रखा।

## शहर में आज

- सृजन बेलफास्ट समिति की ओर से परसाखेड़ा रोड स्थित हनुमान मंदिर में भोजन वितरण दोपहर 12 :30 बजे।
- नगर निगम के मीटिंग हॉल में संभव जनसुनवाई सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक।
- त्रिवटी नाथ मंदिर में मां भवानी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूजा–अर्चना एवं भजन संध्या सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक।

# आयुष्मान बनाने में प्रदेश में बरेली प्रथम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एक माह में बने 50367 आयुष्मान कार्ड, दूसरे नंबर पर रहा जौनपुर**
- **प्रदेश में 953918 कार्ड बनाने का था लक्ष्य, 766887 कार्ड हुए तैयार**

**अमृत विचार :** एक माह में आयुष्मान कार्ड बनाने में बरेली प्रदेश का पहला जिला बनकर उभरा है। यहां तय समय में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जौनपुर ने दूसरे स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान सिद्धार्थ नगर रहा।

गरीब और कमजोर परिवारों को सरकार बेहतर इलाज दे सके, इसलिए पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। 11 सितंबर 2024 से, 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इस कार्ड के लिए पात्र माना गया है। यह कार्ड प्रति वर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज प्रदान करता है।

> तेजी से आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए ब्लाक स्तर तक की नियमित समीक्षा की जा रही है।
> डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

कार्ड अधिक संख्या में लोगों को बनाकर उन्हें इसका स्वास्थ्य लाभ दिलाया जा सके। इसके लिए प्रदेश में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बरेली में प्रदेश में सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। यहां पर 50367 कार्ड बनाए गए। वहीं, जौनपुर में 35978 और सिद्धार्थनगर में 28315 कार्ड




बनाए गए। प्रदेश में 953918 कार्ड बनाने का लक्ष्य था। जिसके सापेक्ष 766887 कार्ड तैयार हो सके। हालांकि, बरेली में कुछ कमियां मिलने के कारण 233 कार्ड रिजेक्ट भी किए गए हैं। जबकि 7547 कार्ड पेंडिंग में हैं।

## 18 को बदलेगा मौसम बारिश के आसार

**बरेली, अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ के आगामी प्रभाव के चलते मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार मौसम में बदलाव के कारण 18 फरवरी को विभिन्न जिलों के साथ बरेली में भी छिटपुट वर्षा हो सकती है।

अगले दो से तीन दिनों के दौरान रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार दिन में हल्की धूप और बादलों के बीच लुका-छिपी का दौर जारी रहेगा। 18 फरवरी को हल्की बूंदाबांदी होने की स्थिति में सुबह-शाम ठंड का अहसास कुछ बढ़ने की संभावना है।

# शिकंजा : बीडीए ने बंडिया में अवैध कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बिना स्वीकृति के विकसित की जा रही थीं कॉलोनियां, कार्रवाई से खलबली**

**अमृत विचार:** बरेली विकास प्राधिकारी (बीडीए) की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को सीबीगंज में कई अवैध कालोनियों पर बुलडोजर कार्रवाई की।

ग्राम बंडिया में किस्मत अली और हाजी आमरिक ने 13 बीघा जमीन पर बिना किसी स्वीकृति के भूखंड चिह्नित कर सड़क और बाउंड्रीवाल बनाकर कालोनी विकसित करने की कोशिश की, वहीं सोनू पंजाबी, दिलावर, राजा और नरेश कुमार यादव ने 50 बीघा में अवैध निर्माण किया। प्राधिकरण की टीम ने सभी अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई। इस दौरान सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह और अवर अभियंता दीप कुमार आदि मौजूद रहे। अफसरों के अनुसार उ.प्र. नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत बिना स्वीकृत मानचित्र किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लाटिंग करना पूरी तरह अवैध है। आगे भी नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई जारी रहेगी।



अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई के बाद बिखरी पड़ीं ईंटें।

# खुले में फेंका कचरा, 61 कॉलोनियों को नोटिस

## शहर की स्वच्छता को लेकर नगर निगम ने उठाया सख्त कदम, सर्वे कराने के बाद पता चला, जुर्माना की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर की स्वच्छता को लेकर नगर निगम ने सख्त रूख अपनाया है। कूड़ा प्रबंधन के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों की अवहेलना कर रहे 61 गेटेड कॉलोनियों, आरडब्ल्यूए और ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों को नगर निगम ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

खुले में कचरा फेंकने पर इनकी पहचान हो चुकी है। इनकी ओर से खुले में कचरा डालने से गंदगी और प्रदूषण दोनों फैल रहा है। चेतावनी दी है कि कॉलोनी से निकले वाला कचरा डोर-टू-डोर कलेक्शन करने



हजियापुर में सड़क पर पड़ा कूड़ा–कचरा। ● अमृत विचार

वाली गाड़ियों को दिया जाए। मामले में जुर्माना लगाने की तैयारी भी है।

नगर निगम की टीम ने आईसीसीसी समेत अन्य माध्यमों से पूरे शहर के 61 गेटेड कॉलोनियों का सर्वे कर जो रिपोर्ट प्रस्तुत की, वह चिंता का कारण है। चिह्नित कॉलोनियों में मिनी बाइपास रोड

- **डोर-टू-डोर कलेक्शन करने वाली गाड़ियों को देना होगा कचरा**

की कृष्णा कंट्री, कर्मचारी नगर की मेगा ड्रीम, अलखनाथ मंदिर के पास कमला मैन्शन, कर्मचारी नगर की ब्रजवासी कॉलोनी, राम वाटिका, साई वाटिका, लाजपत नगर, बसंत विहार की राधिका कॉलोनी, सफरॉन गार्डन, कैंट की लॉ अपार्टमेंट, जंक्शन रोड की फ्रेंड अपार्टमेंट, स्टेशन रोड की रमना दीप अपार्टमेंट, करगैना की ड्रीम होम्स, नवजीवन अपार्टमेंट, जंक्शन रोड की सोसाइटी अपार्टमेंट, फ्रेंड्स टॉवर, कचहरी की डॉक्टर कालोनी समेत कई अन्य कॉलोनियों के लोग नियमों को पूरी तरह दरकिनार कर नगर निगम की कलेक्शन गाड़ियों को कूड़ा देने की बजाय उसे खुले में और शहर के बाहर डंप कर रहे हैं। एक्सईएन राजीव राठी का कहना है कि यह पूरी तरह से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का उल्लंघन है और निगम इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझें और सहयोग करें। साफ-सफाई सिर्फ नगर निगम का काम नहीं, बल्कि हर नागरिक का फर्ज है।

### यह है कचरा प्रबंधन के नियम और जिम्मेदारियां

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स–2016 और एनजीटी के आदेशों के अनुसार, बल्क वेस्ट जनरेटरों की जिम्मेदारी है कि वे कचरे का सही प्रबंधन करें। इसके तहत गीला और सूखा कचरा अलग–अलग करना जरूरी है। खासतौर पर बायोडिग्रेडेबल वेस्ट जैसे किचन कचरा, मांस, हड्डियां, गार्डन वेस्ट और नारियल के खोल को अपने परिसर में ही प्रोसेस और कम्पोस्ट करना होगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि यह नियम शहर को साफ–सुथरा रखने और पर्यावरण को बचाने के लिए लागू किए गए हैं। बल्क वेस्ट जनरेटरों को अपने कूड़े को सही तरीके से संभालना होगा और नगर निगम की डोर–टू–डोर कलेक्शन व्यवस्था का पालन करना अनिवार्य होगा। इससे कूड़ा प्रबंधन बेहतर होगा और स्वच्छता कायम रहेगी।

## यूडीआई वेबसाइट में आई खराबी, दोपहर तक ठप रहा रजिस्ट्री कार्य

**बरेली, अमृत विचार:** बैनामा कराने के लिए यूडीआई (यूनिक डिवाइस आइडेंटिफिकेशन) वेबसाइट ने सोमवार की सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक बैनामा कराने वाले सैकड़ों लोगों को परेशान कर दिया। बेवसाइट में आई तकनीकी खराबी से तहसील सदर के निबंधक कार्यालय के प्रथम और द्वितीय में 3 बजे तक एक भी बैनामा नहीं हुआ।

एआईजी स्टांप को दस्तावेज लेखकों ने कॉल कर बेवसाइट की दिक्कत भी बताई थी लेकिन दोपहर 3 बजे के बाद ही बेवसाइट के चलने पर बैनामे हो सके। उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना ने बताया कि सुबह 10 बजे से यूडीआई बेवसाइट में आई तकनीकी दिक्कत से दोपहर 3 बजे तक आधार सत्यापन के दौरान ओटीपी नहीं आए। ओटीपी न आने से आधार सत्यापित नहीं हो रहे थे।

## 64 अवैध रूफटॉप चिह्नित, रिपोर्ट आने के बाद भी कार्रवाई नहीं



श्यामगंज पुल के बगल में लगा होर्डिंग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर की ऊंची इमारतों पर चमकते रूफटॉप विज्ञापन अब केवल ब्रांडिंग का माध्यम नहीं, बल्कि नगर निगम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल बन चुके हैं। बीते दिनों शहर के चारों जोन में हुए सर्वे में 64 अवैध रूफटाप चिह्नित किए गए थे, जबकि अनुमति मात्र 65 की थी। मौके पर 129 संरचनाएं लगी मिलीं। साफ है कि आधे से अधिक ढांचे नियमों को ताक पर रखकर खड़े मिले। 90 प्रतिशत से ज्यादा रूफटॉप तय मानकों से बड़े पाए गए। निगम ने दो वर्ष का विज्ञापन शुल्क वसूलने, जुर्माना लगाने, अवैध संरचनाएं हटाने और संबंधित भवनों पर व्यावसायिक कर लगाने की बात कही थी, लेकिन दावे अब तक कागजों से बाहर नहीं आ पाए हैं।

दरअसल, यूनिपोल और कैंटीलीवर का पैसा जमा नहीं करने वाली विज्ञापन एजेंसियों का मामला सामने आने पर नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने पिछले माह विज्ञापन एवं राजस्व प्रभारी राजीव कुमार राठी की अगुवाई में पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच कराई थी। कमेटी ने रिपोर्ट सौंपी, जिसमें 64 अवैध रूफटाप का खुलासा हुआ। रिपोर्ट के दस दिन बाद भी किसी तरह की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। इधर, हर महीने 18 से 20 लाख रुपये के अनुमानित नुकसान के बावजूद अफसरों की चुप्पी समझ से परे है।

- **नगर निगम को हर महीने 18 से 20 लाख रुपये का नुकसान**

> नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से कोई भी यूनिपोल और रूफटॉप नहीं लगे, इसके लिए विज्ञापन प्रभारी राजीव कुमार राठी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पिछले दिनों विज्ञापन प्रभारी ने टीम के साथ शहर में अनाधिकृत रूप से लगे रूफटॉप चिह्नित किए थे। नोटिस जारी करने के साथ ही इनसे विज्ञापन शुल्क जमा कराया जाना है। इसमें किसी तरह का विलंब न हो, निर्देश दिए जा चुके हैं। **–संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

> अनाधिकृत रूप से यूनिपोल और रूफटॉप लगाने वाली नौ विज्ञापन एजेंसियां चिह्नित की जा चुकी हैं। इन सभी को शीघ्र ही नोटिस जारी किए जाएंगे। इनसे दो वर्ष का विज्ञापन शुल्क और जुर्माना वसूला जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली है। **– राजीव राठी**, विज्ञापन प्रभारी।

### कुछ इस तरह हो रहा निगम को नुकसान

शहर के अधिकतर मार्ग एवं चौराहा के आसपास के भवनों पर रूफटाप लगा दिए गए हैं। इनमें 80–90 प्रतिशत रूफटाप के वास्तविक साइज को नगर निगम में कम दर्शाया गया है। इससे हर माह 20 लाख रुपये से अधिक का राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। रूफटाप का किराया यूनिपोल के सापेक्ष 25 प्रतिशत कम होता है। जैसे 20 फुट लंबे व 10 फुट चौड़े यूनिपोल का वार्षिक किराया एक लाख 30 हजार रुपये है तो इतनी ही साइज के रूफटाप का किराया साढ़े 97 हजार वसूला जाता है।

### इन एजेंसियों के मिले थे अवैध रूफटॉप

मैसर्स प्रकाश आर्ट स्टूडियो के 26, मै. इंपैक्ट के 11, मै. एडटेक प्रिंट एंड मीडिया प्रा. लि. के 10,मै. एआर पब्लिसिटी के 7, मै. एडमेकर के 4, आदित्य के 2, मोहसिन के 2, मोनिक के 2, मीडिया आउटडोर के 1।

# डीडीपुरम : सड़कों पर मिट्टी के ढेर और खुले गड्ढों से हादसे का खतरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** डीडीपुरम में सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इसकी वजह से खोदाई की जा रही है। जगह-जगह खुले गड्ढे और मिट्टी के ढेर सड़कों पर आवागमन दूभर बना रहे हैं। इससे हादसे की आशंका बनी हुई है। लोग परेशानी झेल रहे हैं। दोपहिया वाहन और पैदल राहगीरों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक है।

बिना समुचित बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेत और वैकल्पिक मार्ग के काम चलने से हादसे का डर बना हुआ है। लोगों का कहना है कि खोदाई कार्यों में लापरवाही आमजन की जान को जोखिम में डाल रही है। वहीं, जाम की समस्या भी बढ़ गई है, क्योंकि वाहनों को बमुश्किल रास्ता मिल रहा है और आपातकालीन सेवाओं की गाड़ियां भी समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। कार्यदायी एजेंसी की धीमी गति और लापरवाही ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। रात के समय रोड पर चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है। नगर आयुक्त की ओर से कई बार



निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा को लेकर बैरीकेडिंग और संकेतक नहीं लगाया गया है। ● अमृत विचार



डीडीपुरम में खोदाई के चलते यह है मार्ग की स्थिति। ● अमृत विचार

- **बैरिकेडिंग और संकेतक नहीं लगाये, सीएम ग्रिड योजना के तहत चल रहे हैं कार्य**
- **कार्यदायी एजेंसी की धीमी गति और अनियोजित खोदाई से समस्या हुई गंभीर**

चेतावनी देने के बावजूद कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ है, जिससे साफ है कि अधिकारी और एजेंसी अब तक गंभीर नहीं हैं। सुरक्षा की अनदेखी बड़े हादसे की वजह बन सकती है।



डीडीपुरम की सड़कों की स्थिति खराब है। निर्माण कर रही एजेंसी के कार्य बेतरतीब हैं। सीवर लाइन के मैनहॉल खुले हैं। सड़क खोदकर रोड पर ही मिट्टी डाल रखी है। जगह–जगह गड्ढे खुले पड़े हैं। इससे रात में हादसे का डर बना रहता है। सुरक्षा के इंजताम किए जाने चाहिए। **–लविश**



स्टेडियम रोड से डीडीपुरम मुड़ने वाली सड़क पर कोई बैरिकेडिंग या चेतावनी संकेत नहीं होने के कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। जगह–जगह खोदे गए गड्ढों के कारण वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी दिक्कत हो रही है। **–सुमन वर्मा**



डीडीपुरम में जगह–जगह खोदाई की लापरवाही अब आम लोगों की जान के लिए खतरा बन गई है। जाम पहले से था, अब गड्ढों की वजह से वाहनों का संतुलन भी बिगड़ता है। आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं और जिम्मेदार गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। **राधिका कपूर**



यहां सड़कें इतनी खतरनाक हो गई हैं कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए पैदल चलना भी जोखिम भरा है। कार्यदायी एजेंसी की धीमी गति और अनियोजित खोदाई समस्या को और बढ़ा रही है। सुरक्षा नियम पूरी तरह नजरअंदाज किए गए हैं। **–पुनीत यादव**

## सफाई कर्मियों का होली एडवांस और वेतन 20 फरवरी तक

**बरेली, अमृत विचार:** उप निगर स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों, सफाई नायकों को निर्देश दिए हैं कि होली के मद्देनजर कर्मचारियों का होली एडवांस और वेतन समय से सुनिश्चित किया जाए।

प्रत्येक अधिकारी को अपने अधीनस्थ सफाई कर्मचारियों के होली एडवांस के फॉर्म दो दिन के भीतर अधिष्ठान लिपिकों को भेजने हैं। साथ ही, जिन कर्मचारियों ने आधार कार्ड और पैन कार्ड नहीं जमा किए हैं, उनके वेतन और एडवांस का भुगतान भी 20 फरवरी 2026 तक पूरा करना अनिवार्य है। यह निर्देश उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के अनुरोध और नगर आयुक्त के मौखिक आदेश के क्रम में जारी किया गया है।

होली | बरेली से होकर गुजरेंगी ट्रेनें, मार्च की शुरुआत से होगा संचालन

# 13 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की घोषणा, यात्रियों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली पर यात्रियों को भीड़ को ध्यान में रखते हुए मुरादाबाद मंडल ने 13 जोड़ी और होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। जिसमें सभी ट्रेनें बरेली होकर गुजरेंगी। मार्च की शुरुआत से स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 05005-05006 बढ़नी अमृतसर ट्रेन का संचालन 4 से 25 मार्च तक किया जाएगा। 05023-05024 गोमतीनगर खातीपुरा ट्रेन का संचालन 3 से 24 मार्च तक चार फेरों के लिए किया जाएगा। 05045-05046 लालकुआं राजकोट ट्रेन का संचालन एक से 29 मार्च तक किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05301-05302 का संचालन 5 से 26 मार्च, 04010-04009 दिल्ली सीतामढ़ी ट्रेन का संचालन 26 फरवरी से 5 मार्च तक किया जाएगा। गाड़ी नंबर 04014-04013 आनंद विहार टर्मिनल-लौकहा का संचालन 27 फरवरी से 6 मार्च तक किया जाएगा। 04022-04021 नई दिल्ली गोरखपुर स्पेशल ट्रेन का संचालन 20 फरवरी से 6 मार्च



तक किया जाएगा। 04203-04204 लखनऊ- नई दिल्ली ट्रेन का संचालन 23 फरवरी से दो मार्च तक किया जाएगा। गाड़ी नंबर 04209-04210 वाराणसी- दिल्ली का संचालन 24 फरवरी से 6 मार्च, 04213-04214 अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल का संचालन 24 फरवरी से पांच मार्च, 04227-0428 वाराणसी-चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन का संचालन 21 से 28 फरवरी, गाड़ी संख्या 04604-04603 का संचालन 22 फरवरी से 6 मार्च, गाड़ी संख्या 04514-04513 का संचालन 26 फरवरी से पांच मार्च तक किया जाएगा। ऐसे में रेलवे की तरफ से स्पेशल ट्रेनों की घोषणा के बाद अब होली पर आने जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

### कोहरे में निरस्त ट्रेनें अभी तक नहीं हुईं बहाल

कोहरे के चलते रेलवे की तरफ से निरस्त की गईं ट्रेनें मौसम साफ होने के बाद भी बहाल नहीं की गई हैं। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 12207–08 काठगोदाम–जम्मूतवी, 12209–10 कानपुर–काठगोदाम, 14003–04 मालदा टाउन–नई दिल्ली, 14523–24 बरौनी–अंबाला, 14605–06 ऋषिकेश–जम्मूतवी को निरस्त किया गया था। इसमें 14615–16 लालकुआं–अमृतसर, 14617–18 पूर्णिया–अमृतसर, 14630–29 फिरोजपुर–चंडीगढ़, 14541–42 चंडीगढ़–अमृतसर, और 12327–28 हावड़ा–देहरादून एक्सप्रेस भी शामिल है। हालांकि मार्च की शुरुआत से रेलवे की तरफ से इन ट्रेनों का संचालन बहाल किया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### नाबालिग से छेड़छाड़ तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बरेली/भमोरा,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री जो कक्षा 8 की छात्रा है। घर से खेत पर जा रही थी। रास्ते में अकेला जान गांव निवासी एक युवक ने गलत नीयत से पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। परिजन से शिकायत करने पर जब पिता आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचा। तो आरोपी युवक के भाइयों ने पीड़ित के पिता को गाली गलौज करते हुए मारपीट की। थाना पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की बात कही।

### पुलिस ने वारंटी को जेल भेजा

**बरेली/क्योलड़िया,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव परसरामपुर के जाविर पुत्र आशिक निवासी परशुरामपुर पर रिकवरी वारंट न्यायालय ने जारी किया था इस पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक मुकेश कुमार वारंटी के घर पहुंचे और उसे न्यायालय द्वारा रिकवरी वारंट दिखाते हुए रिकवरी राशि जमा करने को कहा इस पर वारंटी में रिकवरी राशि जमा करने से मना करदिया इस पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

### गर्म तवे पर रख कर जलाये विवाहिता के दोनों हाथ

**बरेली/भोजीपुरा, अमृत विचार :** दहेज मे पांच लाख रुपय और बुलेट मोटर साईकिल की माग पूरी न होने पर विवाहिता के दोनो हाथ गर्म तवे पर रख कर जला दिये। पुलिस ने पति सहित 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भोजीपुरा निवासी पिंकी गंगवार ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी मई 2023 को विकास बाबू निवासी चठिया पखुरनी,देवरनिया के साथ हुई थी। शादी के वाद से ही ससुराल वाले 5 लाख रुपये नकद और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसे लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। पिंकी के अनुसार, उसके पति ने न केवल उसे जलाया, बल्कि उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध भी बनाए। साथ ही अक्टूबर में घर से भी निकाल दिया।

# चार बदमाश गिरफ्तार दो के पैर में लगी गोली

## मुठभेड़: तीन दिन पूर्व धौराटांडा में राइस मिलर के घर डाली थी डकैती

- दरोगा, सिपाही भी घायल बदमाशों से 60 हजार की नकदी और दो तमंचा बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** धौराटांडा कस्बा में राइस मिलर के घर डकैती डालने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ के दौरान एक दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। घायल बदमाशों और दरोगा, सिपाही को सीएचसी भोजीपुरा भेजा गया।

13 फरवरी को धौराटांडा निवासी राइस मिलर रेहान के घर हुई डकैती के मामले में वांछित चल रहे बदमाशों की भोजीपुरा पुलिस तलाश कर रही थी। रविवार देर रात महेशपुर शिव सिंह मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक पिकअप संदिग्ध अवस्था में दिखी। वाहन की नंबर प्लेट कपड़े से ढकी थी। पुलिस के मुताबिक वाहन को रोकने की कोशिश की तो चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। वाहन आगे जाकर पेड़ से टकरा गया। इसके बाद बदमाशों पे पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें उप निरीक्षक रुक्मेश सिंह और सिपाही संजय सागर घायल हो गए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश अकरम अली निवासी लभेड़ा थाना हाफिजगंज और आसिफ निवासी तुलसी नगर एजाज नगर गौटिया थाना बारादरी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दो सगे भाई साहिल और शाहिद निवासी तुलसी नगर एजाज नगर गोटिया थाना बारादरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से 60 हजार की नकदी, दो तमंचा, दो कारतूस, दो खोखे और पिकअप बरामद की। घायल आरोपियों को उपचार के लिए सीएचसी भोजीपुरा भेजा गया।


पुलिस की गिरफ्त में मुठभेड़ में घायल हुए डकैती में वांछित बदमाश। • अमृत विचार

### डकैती के मामले में वांछित थे बदमाश

पुलिस के मुताबिक इन बदमाशों ने धौराटांडा में राइस मिलकर के यहां डकैती डाली थी। पूछताछ में यह भी पता चला कि गोली लगने से घायल बदमाश अकरम और आसिफ हरदोई के थाना शाहाबाद क्षेत्र में भी डकैती का वारदात को अंजाम दे चुके हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### शादी से लौट रहे युवक से मारपीट

**बरेली, अमृत विचार:** किला थाना क्षेत्र के अलखनाथ मंदिर रोड निवासी रीना ने बताया कि उनका बेटा पवन रविवार की रात शादी से लौट रहा था। तभी उसके बेटे को कुछ लोगों ने रोककर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। उसके मुंह से खून आने लगा और अंदरूनी चोटों के कारण उसे गंभीर दर्द हो रहा है। किला पुलिस ने प्रेमनगर निवासी अजय, मनोज, अजीत, राधे, रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नौकरी लगवाने के नाम पर खुलवाया खाता, किया लेनदेन

**बरेली, अमृत विचार:** नगर निगम में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक के दस्तावेजों से फर्जी बैंक खाता खोलकर संदिग्ध लेनदेन करने का मामला सामने आया है। एसएसपी के निर्देश पर प्रेमनगर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला उदयपुर खास निवासी उदय सागर ने बताया कि वह बिना पढ़ा लिखा अनुसूचित जाति का युवक है। उसकी कुछ समय पहले ने भोजीपुरा के मार्डन विलेज घंघोरा पिपरिया निवासी मोनू कश्यप से शील चौराहे पर पंडित जी चाय वाले की दुकान पर परिचय हुआ था। आरोप है कि मोनू ने नगर निगम में नौकरी लगवाने की बात कही। आवेदन के लिए उसने बैंक खाते की जरुरत बताई। जिसके लिए उसने आधार, पैन कार्ड लेकर अपने मोबाइल से फोटो ले लिये। एक माह बाद मोनू कश्यप ने मिलना-जुलना बंद कर दिया। उदय ने बतया कि दिसंबर 2025 में लखनऊ क्राइम ब्रांच से पुलिस की टीम उदय घर पर आई। उसके बाद उसके बैंक खाता संख्या के बारे में पूछताछ करने लगे। पुलिसकर्मियों ने उसे बताया कि उसके नाम से एक बैंक खाता है। इसमें कई लोगों का पैसा आया और निकाला गया है। प्रेमनगर पुलिस ने मोनू कश्यप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बहन के साथ हनी ट्रैप में फंसाने वाला भाई भी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रेमनगर पुलिस ने फर्जी मुकदमे दर्ज कराने का डर दिखा कर बहन के साथ मिलकर हनी ट्रैप में फंसा कर लाखों रुपये ऐंठने वाले आरोपी भाई को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सैनिक कॉलोनी इज्जतनगर निवासी उदित पाण्डेय के रूप में हुई है। जबकि पुलिस आरोपी की बहन पूजा शर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

प्रेमनगर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि इंद्रानगर निवासी मनीष गंगवार ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि आरोपी हनीट्रैप में फंसाकर उसे दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोपों में झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर लगातार उगाही कर रहे थे। आरोपियों ने पहले 10 लाख रुपये की वसूली की, उसके बाद फिर से दोबारा 12 लाख रुपये की मांग की। पुलिस ने मामले में पूजा शर्मा समेत पांच आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। पुलिस ने सोमवार को आरोपी उदित पांडेय को एमबी इंटर कॉलेज के पास से धर दबोचा। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी बहन पूजा शर्मा का पति से लंबे समय से विवाद चल रहा है। वह दो बेटियों के साथ अलग रहकर जीवन यापन कर रही है। आय का कोई स्थायी साधन न होने के कारण उसकी बहन की मुलाकात मनीष गंगवार से हुई। मनीष ने खर्चा के लिए उसे रुपये देना शुरू कर दिये। जिससे उसकी बहन के मन में लालच आ गया। उसने बहन के साथ मिलकर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की मांग की। 10 लाख रुपये देने के बाद समझौता कर लिया गया। बाद में फिर से 12 लाख रुपये की मांग की गई।


गिरफ्तार आरोपी। • अमृत विचार

- आरोपी बहन को गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही भेज चुकी है जेल

## स्कूल से लौट रहे छात्र और भांजे से मारपीट

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज के छात्र और उसके भांजे के साथ मारपीट किए जाने तथा बाद में फिर से घेरने की कोशिश का मामला थाने पहुंचा है। पीड़ित के पिता ने कुछ युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

- परिजन ने मारपीट का वीडियो इंस्टग्राम पर भी अपलोड करने का आरोप लगाया

आरोप है कि प्रार्थी का पुत्र 11 फरवरी को विद्यालय से घर लौट रहा था। उसके साथ भांजा अभय गंगवार निवासी ग्राम रिछोला किफायतुल्लाह भी था। आरोप है कि भट्टा मोहल्ला में कुछ युवकों ने दोनों को रोककर मारपीट की और बाद में वहां से चले गए। पीड़ित पक्ष के अनुसार 16 फरवरी को दोपहर करीब दो बजे बाईपास रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने फिर से उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों किसी तरह वहां से निकल गए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही मारपीट का वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड किए जाने की बात भी कही गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक ने सिक्योरिटी गार्ड को कुचला, मौत

- दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार, तलाश में जुटी पुलिस

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** लालफाटक ओवरब्रिज के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड को कुचल दिया। हादसे में गार्ड की मौत हो गई। चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी की मदद से ट्रक की पहचान करने में जुटी है।


मृतक केदार दिवाकर

कैंट क्षेत्र के गांव उमरसिया निवासी केदार दिवाकर (34) परसाखेड़ा स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड थे। वह घर से सोमवार सुबह 6 बजे ड्यूटी के लिए निकले थे। करीब 6:15 बजे लालफाटक फ्लाईओवर की सर्विस रोड के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी राजेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। केदार के पिता लालाराम ने बताया कि केदार के दो बच्चे पुत्र दिव्यांशु (7) व पुत्री दिव्यांशी (5) है। हादसे की सूचना पर मां कांति देवी बेसुध हो गई।


घटनास्थल पर विलाप करते परिजन। • अमृत विचार


यह पेड़ बना हादसे की वजह।

### सर्विस रोड के सामने पेड़ बना हादसे की वजह

केदार के पिता ने बताया कि उनका बेटा बाइक से लालफाटक अंडरपास से निकलकर फ्लाई ओवर के नीचे बनी सर्विस रोड से कैंट की तरफ जा रहा था। जहां पर पुल खत्म हुआ है। वहीं सर्विस रोड भी खत्म हो जाती है। सर्विस रोड के आगे खड़ा पेड़ हादसे की वजह बन गया। तीव्र मोड़ होने की वजह से फ्लाई ओवर से तेज रफ्तार ट्रक को नहीं देख सका और हादसे का शिकार हो गया।

### मिट्टी की ट्राली में घुसा अनियंत्रित कैंटर, चालक घायल

**फतेहगंज पश्चिमी :** नेशनल हाइवे पर माधौपुर ओवर ब्रिज के पास एक मिट्टी की ट्राली में पीछे से अनियंत्रित शराब लदा टेंकर घुस गया। आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से कैंटर चालक स्टीयरिंग में फंसकर रह गया। पुलिस दरोगा विनोद शर्मा, प्रवीन कुमार कांस्टेबल इंदल सिंह, नवनीत कुमार सीसी टीम टोल प्लाजा ने गाजियाबाद निवासी फसे चालक रवि कुमार गौतम को बड़ी मुश्किल से निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया। कैंटर और ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर थाना खड़े कर लिया।

## जिला बदर अपराधी को पुलिस ने जिले से बाहर छोड़ा

संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार:** सीबीगंज पुलिस ने जिला बदर गांव अटरिया निवासी सोमपाल लोधी को रामपुर की सीमा पर छोड़ कर छह माह तक जिले में न घुसने की चेतावनी दी है। पुलिस ने यह कार्रवाई तब कि जब उसके जिला बदर होने के आदेश की कॉपी सोशल मीडिया पर वायरल हुई। उसके पहले सीबीगंज पुलिस आंख मूंदे बैठी थी।

सीबीगंज के गांव अटरिया निवासी सोमपाल लोधी करीब एक दर्जन मुकदमों में वांछित है। इतना ही नहीं उसका बेटा सुभाष लोधी एक हिस्ट्रीशीटर शातिर अपराधी है। जो इन दिनों जेल में बंद है। सोमपाल लोधी आए दिन क्षेत्र में दहशत फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश करता था। इस कारण क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सोमपाल लोधी के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी की गई थी। साथ ही अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर ने 10 फरवरी को सोमपाल लोधी को छह माह के लिए जिला बदर करने के लिए सीबीगंज पुलिस को आदेश दिए थे। सोशल मीडिया पर आदेश की कॉपी वायरल होने पर पुलिस ने सोमवार को उसे जिले से बाहर ले जाकर छोड़ दिया। बता दें कि अमृत विचार ने जिला बदर अपराधी के खुलेआम घूमने की खबर रविवार के अंक में प्रकाशित की थी।


अपराधी को जिले से बाहर छोड़ा गया।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## शोहदे से परेशान युवती बिना बताए घर से गायब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शोहदे से तंग आकर प्रेमनगर क्षेत्र की एक युवती घर से अचानक से गायब हो गई। परिजनों ने एक युवक पर अपनी बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरु कर दी है।

प्रेमनगर क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि बिहारीपुर ढाल का रहने वाला अभिषेक उसकी बेटी के साथ पिछले छह माह से छेड़खानी कर रास्ते में रोककर परेशान करता है। वह पीलीभीत जिले का मूल निवासी है। छेड़खानी से परेशान होकर बेटी ने जनवरी में आत्महत्या का भी प्रयास किया था। वह उस पर जबरन शादी का दवाब बना रहा है। जिसके चलते बेटी ने नौकरी भी छोड़ दी है। परिजनों ने बताया कि 10 फरवरी की शाम 5 बजे उनकी बेटी बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी तलाशने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। आशंका जताई कि अभिषेक ने उनकी बेटी को अगवा कर लिया है।

- पिता ने युवक पर लगाया अगवा करने का आरोप

## पूर्व आईजी की फर्जी आईडी बनाकर ठगी की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने पूर्व आईजी डॉ. राकेश सिंह का फोटो लगाकर फर्जी फेसबुक आईडी बना ली। उसके बाद कई लोगों को मेसेज कर रुपयों की मांग की। ठग ने खुद को सीआरपीएफ दोस्त का तबादला होने का दावा कर उनका सामान बेचने के नाम पर 80 हजार रुपये की मांग की। आईजी रहने के दौरान भी उनके नाम से फर्जी आईडी बना कर रुपये ठगी करने की कोशिश की गई थी।

पूर्व आईजी की फेसबुक आईडी से साइबर ठग ने उनके परिचितों और कांटेक्ट लिस्ट में शामिल लोगों को मेसेज किया। लोगों से मदद के नाम पर रुपये मांगे तो वे हैरान रह गए। इस तरह के कुछ लोगों ने पूर्व आईजी को कॉल और मेसेज किए तो उन्हें इस बात की जानकारी हो सकी। पूर्व आईजी ने तत्काल साइबर थाना प्रभारी को मामले की जानकारी दी। थाने से मुख्यालय में मेल भेजकर संबंधित आईडी ब्लॉक करने को कहा गया। ठग ने पहले पूर्व आईजी के नाम से बने फेसबुक आईडी से मेसेज पर बात-चीत शुरू की। उसके बाद उसने लिखा कि उनके एक दोस्त हैं। जो सीआरपीएफ में अधिकारी हैं और उनका तबादला हो गया है। ऐसे में वह अपना सामान बेचना चाहते हैं। उसने फर्जी सीआरपीएफ का नंबर देते हुए बात करने को कहा। बात करने पर उसने खुद को बिजनौर में पोस्टिंग बताया और कहा कि उसका यहां से तबादला हो गया है, वह अपना सामान बेचना चाहता है। शर्त यह है कि 50 प्रतिशत पहले रुपये भेजना होगा, उसके बाद वह सामान भेज देगा। हाल ही में आंवला सांसद, शायर वसीम बरेलवी के नाम से भी फर्जी आईडी बनाने का मामला सामने आया था। साइबर ठगों ने एक बार फिर से पूर्व आईजी डॉ. राकेश सिंह का फोटो लगाकर फर्जी फेसबुक आईडी बनाई। कई लोगों को मेसेज कर रुपयों की मांग की। पूर्व आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि उन्हें परिचित के जरिए सूचना मिली थी। उन्होंने सभी को ठगों के चक्कर में न फंसने की सलाह दी है। साथ ही ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई है।



- आईजी रहने के दौरान भी बनाई गई थी फर्जी आईडी
- खुद को सीआरपीएफ अफसर का दोस्त बता रहा ठग

## गिरवी रखी पायल लौटाने से इनकार

**नवाबगंज, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने सर्राफ पर गिरवी रखी चांदी की पायल हड़पने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार डेढ़ वर्ष पहले उनके पति ने 100 ग्राम चांदी की पायल 1200 रुपये में क्षेत्र के एक सर्राफा दुकान पर गिरवी रखी थी। छह माह पूर्व पति की मृत्यु हो गई। 14 फरवरी को वह रकम लेकर पायल छुड़ाने दुकान पर पहुंचीं। आरोप है कि दुकान संचालक ने गिरवी की पर्ची उनके हाथ से लेकर फाड़ दी। कहा कि पायल गल चुकी है, अब वापस नहीं मिलेगी

# जहर देकर पत्नी की हत्या करने के दोषी को आठ वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जहर खिलाकर पत्नी की दहेज हत्या करने के आरोपी थाना बहेड़ी क्षेत्र के सिंह गौटिया निवासी विष्णु को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने 8 वर्ष सश्रम कारावास और 8 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। इसके अतिरिक्त मृतका के बच्चे को 3 लाख रुपये उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष से दिलाये जाने का आदेश डीएम को दिया।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल एवं मनोज वाजपेई ने बताया कि मृतका के भाई चन्द्रपाल ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर बताया था कि वह ग्राम राठ देवरनियां का निवासी है। उसकी बहन गीता की शादी विष्णु के साथ वर्ष 2016 में हुई थी। शादी के एक साल बाद से विष्णु उसकी बहन के साथ मारपीट करता रहता था। 13 नवम्बर 2020 को विष्णु ने उसकी बहन को जहर खिला दिया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रैफर कर दिया गया। केजीएमयू में इलाज के दौरान 20 नवम्बर 2020 को गीता की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, हत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 9 गवाह पेश किये।

- मृतका के बच्चे को 3 लाख रुपये उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष से दिलाने का आदेश

वहीं, अदालत ने आदेश में सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्तमान भारतीय समाज में विवाहित नारी की सामाजिक मनोस्थिति व अत्यंत पीड़ादायक जीवन को सत्यनारायण तिवारी उर्फ जौली बनाम उत्तर प्रदेश राज्य 2011 को उल्लेखित किया कि एक स्वस्थ समाज की पहचान महिलाओं के प्रति सम्मान है। भारतीय समाज एक बीमार समाज बन गया है। यह इस न्यायालय में और देश के लगभग सभी न्यायालयों में आने वाले बड़ी संख्या में मामलों से स्पष्ट है जिनमें युवा महिलाओं को उनके पति या उनके ससुराल वालों द्वारा मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी जाती है या फांसी, गला घोंटकर मार दिया जाता है।

### जैन दंपति हत्याकांड में सुनवाई पर हाईकोर्ट की रोक, डीजे से रिपोर्ट तलब

**बरेली, अमृत विचार :** पैंतीस वर्ष पहले हुए जैन दंपति हत्याकांड के मुख्य आरोपी भाजपा नेता गिरधारी लाल साहू उर्फ पप्पू गिरधारी को उच्च न्यायालय से फिलहाल राहत मिल गयी है। पप्पू गिरधारी उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्य के पति हैं। जस्टिस नन्द प्रभा शुक्ला ने अगली सुनवाई तक मामले को स्टे कर दिया है। जिला जज से पत्रावली के पुनर्गठन बाबत रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी। इस मामले में लगातार पेश न होने पर तत्कालीन एडीजे-3 कोर्ट ने 29 जुलाई 2021 को पप्पू गिरधारी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। अभियुक्त के वकील ने अर्जी देकर बताया था कि उनका मुवक्किल बुखार से पीड़ित है और पेश हो पाने में असमर्थ है, इसके बाद कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जैन दंपति हत्याकांड जून 1990 में हुआ था। मृतक नरेश जैन व पुष्पा जैन की बेटी प्रगति जैन ने इस मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि 11 जून की रात करीब सवा 9 बजे वे लोग टीवी देख रहे थे। उसी दौरान चाकू और डंडे लेकर कुछ लोग घर में घुस आए। इसके बाद उन लोगों ने पिता को चाकू से मारना शुरू कर दिया। मदद के लिए पिता के साथ चिल्लाना शुरू किया तो मां भी दौड़कर वहां आ गयी। हमलावरों ने उन्हें भी चाकू और डंडों से मारना शुरू कर दिया। नरेश व पुष्पा की मौत हो गयी थी। मामले में पप्पू गिरधारी के अलावा हरिशंकर, बदायूं के जगदीश सरन गुप्ता,भगवान दास, केपी वर्मा, साबिर, योगेश चन्द्र, बजरुद्दीन, नरेश कुर्मी, हरपाल, पूनम उर्फ सुनीता उर्फ गुड्डी समेत 11 लोगों पर आरोप तय किये गये थे।

## सिटी ब्रीफ

### बच्चों को लगाया खसरे का टीका

**बरेली, अमृत विचार :** 5 से 10 वर्ष आयु के बच्चों को खसरा आदि बीमारियों से बचाने के लिए सभी स्कूलों में वैक्सीनेशन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को संजय नगर स्थित कान्वेंट स्कूल में टीकाकरण कार्यक्रम हुआ। भाजपा नेता बंटी ठाकुर ने फीता काटकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। बच्चों को टैबलेट भी बांटी गई। इस मौके पर प्रबंधक रामकृष्ण शुक्ला, सुपरवाइजर लक्ष्मी लीलाधर, एएनएम आनंदी देवी पटेल, आशा कमला देवी, नेहा, खुशी सिंह, वैष्णवी, खुशबू, ममता, संगीता सक्सेना, शिवांश शुक्ला मौजूद रहीं।

### अखंड रामायण पाठ के बाद हुआ भंडारा

**बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार :** पुरानी तहसील में संग्रह कार्यालय के समीप स्थित शिव मंदिर पर तहसील संग्रह कर्मियों द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को अखंड रामायण का पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार को अखंड रामायण पाठ के समापन के उपरांत हवन पूजन कर शिव भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। तहसील संग्रह कर्मी कृष्ण कुमार मिश्रा, चंद्रकांत शुक्ला, सूरज मिश्रा, रचित शर्मा सहित बड़ी संख्या में तहसील कर्मी एवं शिव भक्त मौजूद रहे।

### टीम ने खुलवाया नाला महिला ने पाटा

**बरेली/मीरगंज, अमृत विचार :** एसडीएम के निर्देश पर सोमवार को गांव सिल्लापुर में एडीओ आईएसबी यश प्रकाश और सचिव अमित पटेल गांव पहुंचे। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। सभी लोग टीम को लगाकर नाला खुलवाने लगे। एक महिला ने पानी निकास को बनाए नाले को पाट दिया, जिससे पानी सड़क पर भरने से लोगों का निकलना दूभर हो गया। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम आलोक कुमार ने टीम गठित कर गांव भेजी। टीम ने कुछ नाला खुलवाया तो उसे महिला ने पाट दिया

# कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**बरेली, अमृत विचारः** सोमवार को कांग्रेस नेता निवर्तमान शहर अध्यक्ष अजय शुक्ला और युवा कांग्रेस पश्चिम के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला को उनके आवास विकास स्थित निवास पर भारी पुलिस बल के साथ हाउस अरेस्ट करके निवास के बाहर ही पुलिस ने पहरा लगा दिया है। कांग्रेस की तरफ से विधानसभा का घेराव करने का एलान किया गया था।

इसके साथ ही जुबैर खान, नौशाद अली ख़ान, सरफराज , शमशेर ख़ान, सरफ़राज़ ख़ान, सरवत हाशमी, युवा कांग्रेस के अयान ख़ान, ताबिश हसन, मोहम्मद असजद, पंडित पंकज शर्मा सहित अनेक साथियों को भी घरों में नजरबंद कर कर दिया गया। अजय शुक्ला ने कहा कि यह कार्रवाई साफ दर्शाती है कि सरकार जनता के सवालों से भाग रही है। लेकिन कांग्रेस का संघर्ष न कभी रुका है, न रुकेगा। लोकतंत्र की आवाज़ को दबाने की हर कोशिश का जवाब संविधान और जनशक्ति से दिया जाएगा।



घर में नजरबंद कांग्रेसी नेता। ● अमृत विचार

# डंपरों की आवाजाही से पीडब्ल्यूडी की सड़कें हो रहीं जर्जर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एनएचएआई की परियोजनाओं में लगे डंपरों को लेकर एक्सईएन का सख्त रुख
- सभी अवर अभियंताओं से मांगी डंपरों की वजह से बर्बाद हो रहीं सड़कों की सूची

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी ) प्रांतीय खंड डिवीजन के एक्सईएन भगत सिंह ने अपने खंड के सभी अवर अभियंताओं से उन सड़कों की सूची तलब की है, जहां भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की परियोजनों में लगे डंपर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं।

एक्सईएन का कहना है कि करोड़ों खर्च कर बनाई सड़कों को लेकर कई जगह से शिकायतें मिली हैं कि इन डंपरों की निरंतर आवाजाही से सड़कें समय से पहले ही क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिससे मरम्मत और पुनर्निर्माण पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूची मिलने के बाद उच्चाधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट भेजकर संबंधित डंपरों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की जाएगी, ताकि सड़कों को और अधिक नुकसान से बचाया जा सके।

दरअसल, फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र में बिथरी चैनपुर से मेहतरपुर करोर संपर्क मार्ग का निर्माण एनएचएआई की परियोजना में लगे डंपरों की लगातार आवाजाही के कारण बार-बार बंद करना पड़ रहा है। एक्सईएन के मुताबिक इससे सरकारी धन और समय दोनों की बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। एक्सईएन भगत सिंह ने बताया कि वह स्वयं एनएचएआई के परियोजना निदेशक से लेकर साइट इंजीनियर से कई बार अनुरोध कर चुके हैं। पत्राचार भी किया गया कि डंपरों की आवाजाही को वैकल्पिक मार्ग से कराया जाए। यहां तक कि जिलाधिकारी ने भी इस पर नाराजगी जताई, इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि अवर अभियंताओं से रिपोर्ट मिलते ही सड़कों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजकर डंपरों की आवाजाही पर रोक के लिए सख्त कदम उठाने की सिफारिश की जाएगी, ताकि विभागीय संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



डंपरों की आवाजाही के चलते बंद पड़ा बिथरी चैनपुर से मेहतरपुर करोर के संपर्क मार्ग का निर्माण। ● अमृत विचार

# शत्रु संपत्ति पर बने हैं थाना, स्कूल-मंदिर और कब्रिस्तान

## आंवला और तहसील सदर में शत्रु संपत्तियों की पड़ताल के दौरान हकीकत आई सामने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अवशेष संपत्तियों की डीवीसी की कार्यवाही कराने के निर्देश

**अमृत विचार :** भारत छोड़कर पाकिस्तान में बसे नागरिकों की कई शत्रु संपत्तियों पर बिल्डिंगें बनी हुई हैं। आंवला तहसील में नलकूप, पुलिस थाना, स्कूल, मन्दिर इत्यादि के अलावा तहसील सदर में कब्रिस्तान आदि बने हुए हैं।

6 दिन पहले हुई समीक्षा बैठक के मिनट्स जारी होने के बाद आंकड़े सामने आए। एडीएम सिटी ने जिन शत्रु संपत्तियों पर अवैध रूप से मकान व भवन आदि का निर्माण है, उन जमीनों का मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। नामांतरण, चिन्हीकरण एवं मूल्यांकन से जुड़े अधिकारियों को 15 दिन के अंदर अवशेष संपत्तियों की डीवीसी और नामांतरण की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने नायब तहसीलदार आंवला को निर्देश दिए कि तहसील आंवला की शेष 1 शत्रु संपत्ति में नामांतरण एवं डीवीसी की कार्यवाही शीघ्र करें। इस पर नायब तहसीलदार ने बताया कि एसडीएम आंवला के न्यायालय में एक शत्रु संपत्ति के प्रकरण में बंटवारे के वाद में शत्रु संपत्ति के अंश/हिस्सा का बंटवारा सही से नहीं हुआ है। नायब तहसीलदार को एसडीएम न्यायालय में पुनः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर 15 दिन के अन्दर अंश, हिस्सा ठीक कराकर डीवीसी के निर्देश दिए। तहसील आंवला में 13 डीवीसी की सूचना दी। नलकूप, पुलिस थाना, स्कूल, मन्दिर इत्यादि बने होने का उल्लेख किया है। मूल्यांकन समिति को निर्देश दिए कि नलकूप, पुलिस थाना, स्कूल, मंदिर इत्यादि के भाग को छोड़कर शेष भाग का पुनः मूल्यांकन करें।

तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तहसील सदर की 7 डीवीसी एवं नगर निगम की 45 डीवीसी होना शेष है। 11 डीवीसी मिली हैं। इसका अवलोकन करने पर पाया कि ग्राम महेशपुर अटरिया में शत्रु संपत्ति की 7 डीवीसी बनायी है। एक गाटा मिनजुमला में विभाजित होने के कारण 4 डीवीसी बनायी गयी हैं। निर्देश दिए मिनजुमला में विभाजित नम्बरों की एक डीवीसी पार्टवार बनाएं।

ग्राम महेशपुर अटरिया में स्थित शत्रु संपत्तियों पर कब्रिस्तान बना है। जिन गाटों पर कब्रिस्तान बना है, उन गाटों के संबंध में शत्रु संपत्ति कार्यालय लखनऊ से मार्ग दर्शन लें। ग्राम बेनीपुर चौधरी की चार डीवीसी को अलग करके शत्रु संपत्ति कार्यालय के निर्देशानुसार डीवीसी बनाएं। 45 संपत्तियां नगर क्षेत्र से संबंधित होने के कारण चिन्हांकन, नामांतरण एवं डीवीसी की कार्यवाही की जानी है। नगर निगम के राजवीर सिंह ने बताया कि वेस्टिंग आर्डर में 18 वेस्टिंग आर्डर नगर निगम के हैं, जिनमें से 1 संपत्ति नगर निगम के अभिलेखों में दर्ज होना पाई गयी है, जबकि 7 संपत्तियों को मैच कर लिया। 14 संपत्तियां अनमैच बताईं। राजवीर सिंह को निर्देश दिए कि नगर निगम के अभिलेखों में दर्ज एक संपत्ति की डीवीसी बनवाकर आख्या तीन दिन के अन्दर उपलब्ध कराएं। नगर निगम से जुड़ी समस्त संपत्तियों का चिन्हांकन, नामांतरण व मूल्यांकन इत्यादि की कार्यवाही तहसीलदार सदर एवं सर्वेक्षक अरविंद मिश्रा से समन्वय कर 15 दिन के अन्दर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। दरअसल, डीवीसी के संबंध में हुई बैठक के 16 फरवरी को एडीएम सिटी सौरभ दुबे की ओर से जारी मिनट्स में बताया गया है कि जिले में स्थित 220 संपत्तियों के सापेक्ष लखनऊ के शत्रु संपत्ति कार्यालय से 177 शत्रु संपत्तियों के संबंध में वेस्टिंग आर्डर मिले थे।

### इतनी संपत्तियां म्यूटेशन व डीवीसी के लिए रह गईं

बहेड़ी में 7–7 संपत्तियां, आंवला में 15–1 संपत्तियां व सदर तहसील में 84 और 77 संपत्तियां डीवीसी व म्युटेशन के लिए रह गई हैं। कुल 106 संपत्तियां डीवीसी और 85 म्युटेशन के लिए रह गयी हैं।

### 135 शत्रु संपत्तियों पर पाक नागरिकों का मालिकाना हक समाप्त

भारत छोड़कर पाकिस्तान में बसे नागरिकों का 135 शत्रु संपत्तियों पर मालिकाना हक समाप्त हो गया। ये संपत्तियां अभिरक्षक शत्रु संपत्ति मुंबई के नाम पर दर्ज करा दी गईं। डीवीसी (डिवैस्टमेंट) के बाद जिला प्रशासन ने अमलदरामद अभिरक्षक शत्रु संपत्ति मुंबई के नाम करा दिया। जनपद में लगभग 220 शत्रु संपत्तियों के सापेक्ष 114 की डीवीसी करा ली गयी है। 10 फरवरी को एडीएम सिटी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आंकड़े पेश किए गए।

### 10 फरवरी तक की रिपोर्ट

| तहसील | कुल संख्या | डीवीसी | म्यूटेशन |
|---|---|---|---|
| फरीदपुर | 4 | 4 | 4 |
| नवाबगंज | 4 | 4 | 4 |
| बहेड़ी | 12 | 5 | 5 |
| आंवला | 71 | 56 | 70 |
| सदर | 129 | 45 | 52 |
| कुल | 220 | 114 | 135 |

# जिला अस्पताल की टूटी दीवार 126 साल पुरानी निकली ईंटें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आजमनगर और जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड के बीच में है यह पुरानी दीवार

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल और आजमनगर के बीच में खड़ी दीवार जर्जर हालत में होने के कारण तोड़ दी गई है। मजदूरों ने जब लोगों को बताया कि यह ईंटें लगभग 126 साल पुरानी हैं तो सैकड़ों लोग वहां सिर्फ ईंटें देखने के लिए ही जा रहे हैं। हालांकि दीवार का पुनः निर्माण कराया जा रहा है।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी और आजमनगर के बीच में अस्पताल की एक दीवार सौ साल से पहले से खड़ी है। अस्पताल परिसर की यह दीवार इतनी पुरानी है, इसका पता तब चला जब जर्जर दीवार की गिरताऊ हालत को देखकर उसे मजदूरों द्वारा गिरा दिया गया। उसमें लगी हुई ईंटें सन 1900 में बनकर तैयार की गई थीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दीवार लगभग 126 साल पुरानी है। इसकी जानकारी होने पर आस-पास के रहने वाले तमाम लोग वहां पर पहुंचे। फिलहाल, दोबारा से दीवार का निर्माण कराया जा रहा है।



जिला अस्पताल की दीवार से निकली पुरानी ईंट दिखाता मजदूर।

### ईंट संग सेल्फी ले रहे लोग

जिला अस्पताल की दीवार निर्माण करने वाले मजदूरों का कहना है कि जब से लोगों को पता चला है कि दीवार में से 1900 की ईंट निकल रही है। तब से वहां कई लोग आ रहे है और ईंटों के फोटो खींचकर उनके साथ में सेल्फी भी ले रहे है।

# बोर्ड परीक्षा के चलते एसआईआर के नोटिसों पर सुनवाई के 13 केंद्र बदले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरकारी माध्यमिक स्कूलों की जगह शहर विधानसभा के प्राथमिक स्कूलों में 13 स्थानों पर होगी नोटिसों पर सुनवाई

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड व सीबीएसई 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शहर विधानसभा क्षेत्र के जिन स्कूलों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण के अंतर्गत नो मैपिंग से संबंधित मतदाताओं के नोटिसों पर सुनवाई हो रही थी, अब उन स्कूलों में नोटिसों पर सुनवाई न होकर नए केंद्रों पर होगी। शहर विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर नए केंद्रों का चयन कर लिया है। पूर्व के केंद्रों के आसपास ही नए केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों पर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर दिया गया है।

निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने दोनों अफसरों को निर्देशित किया है कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं के नोटिस की सुनवाई के लिए 13 केंद्र बनाए गये थे, लेकिन इन केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं प्रस्तावित हैं, जिस कारण इन केंद्रों पर नोटिस की सुनवाई होना सम्भव नहीं है, इनके स्थान पर नवीन केंद्र सुनवाई के लिए चयनित किए गए हैं। डीआईओएस और बीएसए को निर्देशित किया है कि इन केंद्रों पर अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के नोटिस की सुनवाई के लिए उचित स्थान (कक्ष) एवं एक कम्प्यूटर, प्रिंटर तथा वाई-फाई नेट सहित समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

### पहले यहां हो रही थी सुनवाई

डॉ. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कालेज बांके की छावनी, गुलाबराय इंटर कालेज बानखाना, बृजभूषण लाल पब्लिक स्कूल चौधरी मोहल्ला बानखाना, तिलक इंटर कालेज किला, केपीआरसी कलाकेन्द्र कन्या इंटर कालेज शाहबाद, मनोहर भूषण इंटर कॉलेज नैनीताल रोड, सूरजभान कन्या इंटर कालेज राजेन्द्र नगर, श्री गुरुनानक रिक्खी सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज, मॉडल टाउन, कैथिक्स पब्लिक स्कूल संजयनगर, पीसी आजाद इंटर कॉलेज बिहारमान नगला, पंडित दीनानाथ मिश्र इंटर कॉलेज जोगी नवादा, केन्द्रीय विद्यालय आईवीआरआई इज्जतनगर, सीबीगंज इंटर कालेज खलीलपुर।

### अब इन नए केंद्रों पर होगी सुनवाई

रेडियेंट पब्लिक स्कूल बांके की छावनी, गुलाबराय मॉन्टेशरी स्कूल बानखाना, कुंवर दयाशंकर इंटर कॉलेज, हाफिज सिद्दीकी पंजाबी हाई स्कूल जखीरा, प्राथमिक विद्यालय बासमंडी द्वितीय शाहबाद, सरस्वती विद्या मंदिर बृजलोक कॉलोनी प्रेमनगर, सूरजभान विद्या भवन राजेन्द्र नगर, श्री गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय कांकर टोला (मॉडल टाउन), क्रिएशन्स पब्लिक स्कूल आकांक्षा इन्क्लेव, क्रीसेंट पब्लिक स्कूल जोगी नवादा, जलकल विभाग पानी की टंकी नियर गंगाशील अस्पताल डीडीपुरम, कन्या पाठशाला जूनियर हाई स्कूल खलीलपुर।

## न्यूज डायरी

### वैक्सीन डिजाइन व निदान विकास में जीनोम एडिटिंग की भूमिका बताई




**बरेली, अमृत विचार :** आईसीएआर एवं आईवीआरआई के पशु जैव प्रौद्योगिकी विभाग के जीनोम एडिटिंग प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र में सोमवार को 'वैक्सीन एवं निदान विकास के लिए ट्रांसलेशनल जीनोम एडिटिंग तकनीक' विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को जीनोम संपादन तकनीक के उपयोग से वैक्सीन और निदान विकास के वैज्ञानिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करना है। मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक शोध डॉ. संजय सिंह ने जीनोम एडिटिंग तकनीक की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला। कहा कि ये तकनीक अगली पीढ़ी की वैक्सीन डिजाइन एवं त्वरित निदान विकास को गति प्रदान कर पशुधन स्वास्थ्य प्रबंधन को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। संचालन कोर्स निदेशक डॉ. पीके गुप्ता ने किया। प्रशिक्षण में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से लगभग 20 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, इनमें गुजरात, लखनऊ, सुल्तानपुर और अयोध्या विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शामिल हैं। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. बबलू कुमार और डॉ. सोनालिका महाजन, डॉ. सी मदन मोहन, डॉ. राघवेंद्र सिंह, डॉ. रवि कांत अग्रवाल, डॉ. सी. जना, डॉ. अभिषेक, डॉ. प्रसाद थॉमस, डॉ. अजय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### 25 मार्च को काला दिवस मनाएंगे पेंशनर्स



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली मंडल के समस्त घटक संघों के प्रतिनिधियों और सक्रिय सदस्यों को सोमवार को प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर पीडब्ल्यूडी विभाग के संघ भवन में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पीसीएस संवर्ग के सेवानिवृत्त अधिकारी केएन सहगल और संचालन मंडल संयोजक जयवीर सिंह ने किया। पीसीएस संघ के पदाधिकारी अमृत लाल साहू ने केन्द्रीय कार्यकारिणी के निष्कर्ष के अनुसार 25 मार्च को जिले व मण्डल स्तर पर सभी विभागों के साथ मिलकर काला दिवस मनाने का एलान किया है। प्रदेश स्तर से आये प्रान्तीय अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ कल्यान परिषद् सत्यदेव सिंह ने आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स के हितों में सम्मिलित न किए जाने के नुकसान की जानकारी दी। कहा कि अब संयुक्त पेंशन कल्याण समिति के बैनर तले जिले व मण्डल स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक पेंशनर्स के हितों के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती।

### साइबर अपराध से बचाव को लेकर मुख्य अभियंता ने दिया प्रशिक्षण



बरेली, अमृत विचार : साइबर ठगों को मात देने के लिए सोमवार को सर्किट हाउस स्थित बिजली विभाग बरेली जोन के प्रथम मुख्य अभियंता कार्यालय सभागार में सभी नियमित कर्मचारी व अधिकारियों को साइबर प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने कहा कि आज के समय में साइबर ठगों से बचने के लिए सिर्फ जागरुक रहना ही उपाय है। जैसे डिजिटल अरेस्ट पुलिस नहीं करती, किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें। ऑनलाइन नौकरी का सत्यापन जरूर करें। पैसा दोगुना करने के लालच में बिलकुल न फंसे। निवेश सिर्फ उन्हीं में करें जिस कंपनी को जानते हों। ठगी होने के बाद फौरन सूचना 1930 पर साइबर पुलिस को दें। अनजान नंबरों से आने वाले कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें। बैठक में ग्रामीण अधीक्षण अभियंता ज्ञानेन्द्र सिंह के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली बिल राहत : 28 से पहले करें पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बकाया बिल पर लगे ब्याज माफी योजना में 1 लाख से अधिक पंजीकरण
- कम पंजीकरण पर एक्सईन और तीन एसडीओ से जवाब तलब

**अमृत विचार :** बिजली बकाया पर लगे ब्याज को माफ करने के लिए सरकार की तरफ से बिजली बिल राहत योजना चलाई जा रही है। इसमें तीन चरणों में उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल में राहत दी जा रही है। अब तक जिले में 136 करोड़ रुपये जमा कराए जा चुके हैं। वहीं योजना में एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है।

बिजली बिल राहत योजना के तहत पहला चरण एक से 31 दिसंबर दूसरा चरण एक से 31 जनवरी तक चला। अब योजना का तीसरा और अंतिम चरण एक फरवरी से 28 फरवरी तक चल रहा है। तीसरे चरण में पंजीकरण कराकर 30 दिन में पूरा भुगतान करने पर सरचार्ज माफ करने के साथ मूलधन पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उपभोक्ताओं को 2,000 रुपये जमा कराकर पंजीकरण कराने के बाद बिल जमा करने के लिए तीन विकल्प दिए गए हैं। इनमें एकमुश्त भुगतान, 750 रुपये की मासिक किश्त, 500 रुपये मासिक किश्त का विकल्प शामिल है। फिलहाल, योजना का तीसरा चरण शुरू हो चुका है। लाभ पाने के लिए लोग पंजीकरण करा रहे हैं।

### एक्सईन और एसडीओ को नोटिस जारी

ओटीएस योजना में पंजीकरण कम होने पर मुख्य अभियंता की तरफ से एक्सईन और एसडीओ को नोटिस जारी किए गए है। जिसमें आंवला, फरीदपुर और अलीगंज एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता ओमप्रकाश सिंह को भी मुख्य अभियंता की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### स्क्रेप जमा नहीं करने पर फंसे तीन जेई

बिजली सुधार के काम कराने के बाद पुराना सामान के स्क्रैप जमा नहीं करने पर तीन जेई फंस गए है। मामला संज्ञान में आने पर तीन जेई को मुख्य अभियंता की तरफ से नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि बहेड़ी और आंवला क्षेत्र में काम होने के बाद पुराना सामान के स्क्रैप जेई की तरफ से जमा नहीं की गई। ऐसे में उनके खिलाफ जांच कराई जा रही है।

> अब तक 3 लाख 22 हजार उपभोक्ताओं में से 1 लाख 10 हजार उपभोक्ता ओटीएस योजना में पंजीकरण करा चुके है। जिसमें 136 करोड़ रुपये जमा हो चुके है। बिजली बिल राहत योजना में कम पंजीकरण होने पर एक एक्सईन और तीन एसडीओ से जवाब मांगा गया है। इसके अलावा पुरना स्क्रैप जमा नहीं करने पर भी तीन जेई को नोटिस जारी किया गया है।
>
> –ज्ञान प्रकाश, मुख्य अभियंता



# वैज्ञानिक डेयरी पशुपालन के गुर सीखने पहुंचे किसान

**बरेली, अमृत विचार :** बिहार के किसानों के लिए आईसीएआर एवं आईवीआरआई के संयुक्त निदेशालय (प्रसार शिक्षा) ने सोमवार को 'दुधारू पशु प्रबंधन' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ किया। जिसमें 20 किसानों को वैज्ञानिक डेयरी पशुपालन के गुर सिखाए जाएंगे।

मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि संस्थान की ओर से विकसित आधुनिक प्रौद्योगिकियां, प्रशिक्षण सुविधाएं और परामर्श सेवाएं किसानों एवं अन्य हितधारकों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और उन्हें इनका फायदा उठाने के लिए भी प्रेरित किया। डॉ. श्रुति ने आभार जताया।

## सिटी ब्रीफ

### बच्चों को बताया श्रीराम का जीवन चरित्र

बरेली, अमृत विचार : डॉ दीपंकर गुप्त ने सोमवार को कैंडिडा पब्लिक स्कूल सिठौरा में बच्चों को भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र समझाया। उन्होंने बच्चों को सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के प्रपत्र भी दिये। बता दें कि डॉ दीपंकर गुप्त बाल रामायण के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की संपूर्ण जीवन गाथा आमजन तक पहुंचा रहे हैं। दीपंकर श्रारीम के उदात्त आदर्श और उनके दैवीय गुणों को सहज, सरल भाषा के साथ काव्यात्मक शैली में सृजन कर बच्चों के समक्ष विद्यालयों में निरंतर प्रस्तुत कर रहे हैं।

### कलर बेल्ट टेस्ट में 70 बच्चों ने भाग लिया

बरेली, अमृत विचार : बरेली ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन की ओर से रविवार को कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें चार अकादमी के खिलाड़ियों ने कलर बेल्ट टेस्ट में प्रतिभाग किया। बरेली एयर फोर्स हाना ताइक्वांडो अकादमी, आईटीबीपी ताइक्वांडो अकादमी, कूर्मांचल नगर ताइक्वांडो अकादमी और हार्मनी ताइक्वांडो अकादमी के 70 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलर बेल्ट टेस्ट में येलो बेल्ट में सिरसा चौधरी, अक्षिता स्वामी, राजवीर, अंशुमन, हिमांशु, आदित्य स्वामी, यशवंत सिंह, धवल पंत, अनिमेष, अजिंक्य मौर्य, नितारा सिंह, कुंज मैनी, अवयान सिंह, आराध्या श्रीवास्तव, आहाना सिंह, नंदिनी कौर, परिधि कश्यप, रिदम मौर्य, दिबित गुप्ता, अखंड गुप्ता, समर्थ त्रिपाठी, शांभवी शर्मा, गरिमा गुप्ता, विवान सिंह, कोमल सिंह, निशांत सिंह आदि ने येलो बेल्ट का एग्जाम दिया।

### एमआर टीकाकरण शिविर आयोजित

बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव पंडरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में एमआर (मीजल्स-रुबेला) टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉ. मीनाक्षी गंगवार और सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित गंगवार ने किया। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि रुबेला संक्रमण गर्भवती महिलाओं के लिए खतरनाक हो सकता है। इससे जन्म लेने वाले शिशु में अंधापन और हृदय रोग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए समय पर टीकाकरण बेहद जरूरी है। एएनएम प्रिया गंगवार, शिक्षिका पूनम शर्मा, मुकेश गंगवार, गीता, संजय गंगवार मौजूद रहे।

# बमनपुरी की विश्व प्रसिद्ध फाल्गुनी रामलीला 25 से, श्रीराम बरात 2 मार्च को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्व धरोहर है फाल्गुन माह में होने वाली यह रामलीला
- अलग-अलग स्थानों पर होंगे रामलीला के विभिन्न प्रसंग

अमृत विचार : श्री रामलीला सभा की ओर से विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक फाल्गुनी रामलीला का मंचन 25 फरवरी से किया जाएगा। श्री रामलीला सभा की ओर से सोमवार को बड़ी बमनपुरी स्थित श्री नरसिंह मंदिर में प्रेसवार्ता आयोजित की गयी। यह रामलीला 165 वर्षों से हो रही है। इस साल 166 वीं रामलीला होगी।

समिति के उपाध्यक्ष महेश पंडित ने बताया कि श्री रामलीला सभा की ओर से आयोजित यह रामलीला पूरे भारत में एकमात्र रामलीला है, जो होली पर आयोजित होती है। इसका शुभारंभ फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी तिथि होता है, जो चैत्र कृष्ण त्रयोदशी तक चलती है। बता दें कि बरेली की इस रामलीला को 2008 में यूनेस्को की ओर से वर्ल्ड हेरिटेज की सूची में शामिल किया गया। 2015 में विश्व धरोहर भी घोषित किया गया। सर्वेश रस्तोगी ने बताया कि रामलीला के अलग-अलग प्रसंगों का मंचन अलग-अलग मोहल्लों में होता है। अगस्त्य मुनि लीला का अगस्त्य मुनि आश्रम छोटी बमनपुरी में, केवट संवाद लीला का साहूकारा में, मेघनाथ यज्ञ का बमनपुरी में, लंका दहन का मंचन मलूकपुर चौराहा पर होता है।



नरसिंह मंदिर बमनपुरी में जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

इस बार रामलीला का 166 वां वार्षिकोत्सव का शुभारंभ 25 फरवरी को गणेश पूजन के साथ पताका यात्रा से होगा। 15 मार्च को श्री राम के राज्याभिषेक के साथ समापन होगा। प्रेसवार्ता के दौरान कार्यक्रम की पत्रिका विमोचन भी किया गया। इस साल प्रसिद्ध राम बारात 2 मार्च को निकाली जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष राजू मिश्रा, संरक्षक सर्वेश रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा, महामंत्री सुनील रस्तोगी, युवा अध्यक्ष गौरव सक्सेना, रामलीला प्रमुख विवेक शर्मा, महामंत्री दिनेश दद्दा, उपाध्यक्ष नीरज रस्तोगी, पार्षद संजीव रस्तोगी, कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सह-कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, सतेंद्र पांडेय, सुरेश कटिहा, अखिलेश अग्रवाल, लवलीन कपूर, पंडित विनोद शर्मा, जितेंद्र वार्ष्णेय, सोनू पाठक, प्रभाकर शर्मा, बॉबी रस्तोगी, मीडिया प्रभारी सचिन श्याम भारतीय, सह मीडिया प्रभारी कौशिक टंडन उपस्थित रहे।

### परीक्षा होगी नकल विहीन, 24 घंटे खुला रहेगा कंट्रोल रूम

बरेली, अमृत विचार: यूपी बोर्ड की परीक्षाएं कल से शुरू होने वाली है। जिले के लगभग 92000 छात्र छात्राएं, 103 परीक्षा केंद्रों पर इस बार परीक्षा देंगे। एक परीक्षा केंद्र केंद्रीय कारगर में बनाया गया है। परीक्षा के दौरान 129 स्टेटिक मजिस्ट्रेट चेकिंग को तैनात रहेंगे। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। इसका नंबर 0581-2427433 है। जिले में किसी भी तरह की समस्या होने पर यहां फोन कर उसका निराकरण किया जाएगा।

## रमजान में बिजली, पानी और सफाई दुरुस्त रखने की मांग



डीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: चांद का दीदार होते ही 18 या 19 फरवरी से पवित्र माह रमजान की शुरुआत हो जाएगी। रमजान में मुसलमान दिन में रोजा रखकर नमाज पढ़ते हैं। जबकि रात में तरावीह की खास नमाज होती है। रमजान में बिजली, पानी, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर रजा एक्शन कमेटी ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया है।

ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी ने सोमवार को डीएम कार्यालय में दिए गए ज्ञापन में कहा कि रमजान में बिजली की अघोषित कटौती बंद करके 24 घंटे बिजली देने की व्यवस्था की जाए। वहीं जहां ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं, उन्हें ठीक कराया जाए ताकि रमजान में रोजेदारों को बिजली की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अलावा जिले की तमाम मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई के इंतजाम किए जाएं। रमजान शुरू होने से पहले ही नाले-नालियों की सफाई कराई जाए। मस्जिदों के आसपास रोजाना चूना और कीटनाशक का छिड़काव कराया जाए। वहीं साफ पेयजल की व्यवस्था को सुचारू रखा जाए। जहां पाइपलाइन की मरम्मत जरूरी है, वहां तुरंत कराई जाए। मस्जिदों के आसपास खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराया जाए। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए।

ज्ञापन देने वालों में मौलाना सलीम रजा, मौलाना सय्यद सफदर रजा, मौलाना आरिफ रजा, मौलाना माजिद रजा, मौलाना नफीस रजा, मौलाना बाबूदीन, हाफिज आरिफ, मौलाना हसीब रजा, अब्दुल लतीफ कुरैशी, राजू बाबा, मोहम्मद जुनैद, हनीफ अजहरी, रेहान यार खान, सय्यद मुशर्रफ हुसैन, मुजफ्फर अली, सईद सिब्तेनी आदि मौजूद रहे।

# सीने में जकड़न व वायरल के मरीजों की भरमार

## जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे 2799 मरीज, जांच में लगा समय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मौसम में बदलाव के साथ मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को सीने में जकड़न की समस्या, वायरल व खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या अधिक रही। रविवार को अवकाश की वजह से पर्चा और दवा काउंटर पर मरीजों की भीड़ दिखी।

सुबह आठ बजे ही जिला अस्पताल में मरीजों के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दोपहर दो बजे तक चलता रहा। करीब 2799 मरीजों ने पंजीकरण कराया। ज्यादातर रोगी ऐसे थे, जिन्हें सीने में जकड़न की समस्या थी। वायरल और खांसी-जुकाम के मरीजों की भी अच्छी खासी संख्या थी। डॉक्टरों ने कई मरीजों की खून की जांच भी करवाई। सर्वाधिक मरीज पैथोलॉजी के बाहर बलगम की जांच करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। ओपीडी खत्म होने के बाद दवाई लेने के लिए भी मरीज को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। मरीज ज्यादा और काउंटर कम होने के कारण वहां पर लगभग तीन बजे के बाद मरीजों की लाइन खत्म हो पाई।



जिला अस्पताल की ओपीडी में कतार में लगे मरीज। ● अमृत विचार

### बर्न वार्ड के पास दीवार पर बैठे कुत्ते का फोटो वायरल

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड हो या फिर ओपीड, कुत्ते वहां पर अक्सर घूमते नजर आ जाते हैं, मगर इस बार बर्न वार्ड की जिस बिल्डिंग में एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगाए जाते हैं। वहां दीवार पर बैठे कुत्ते की तस्वीर वायरल हो रही है। इस दीवार पर लिखा है कुत्ता काटे के इंजेक्शन इधर जगाए जाते हैं। तस्वीर को देखकर कुछ लोग कह रहे हैं कि कुत्ता ही अपने काटे का इलाज बता रहा है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि जिले में सबसे अधिक लोग कुत्तों के काटने से जख्मी होते हैं और अपना इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल आते हैं। जहां अस्पताल परिसर में ही इस तरह से खुले में कुत्ते घूमते नजर आ रहे हैं तो सड़कों पर इनका घूमना आम बात है।




जिला अस्पताल परिसर से कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर निगम को कई बार पत्र लिखा जा चुका है, उनकी टीम कभी-कभार आती भी है। आगे भी निगम से कुत्तों को पकड़ने के लिए कहा जाएगा। - डॉ. अजय मोहन अग्रवाल, मंडलीय अपर निदेशक



जयनारायण कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद विद्यार्थी और शिक्षक।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने को हुई जागरूकता संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से कोमल फाउण्डेशन ने जय नारायण में किया आयोजन
- प्रत्येक छात्र एक पौधा लगाकर करे संरक्षण तो बड़ा बदलाव संभव: चौहान

अमृत विचार: जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कोमल फाउंडेशन पर्यावरण चित्रकला प्रतियोगिता एवं पर्यावरण जन-जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।

सोमवार को हई इस प्रतियोगिता में अभिराज ने प्रथम, सत्यांश पटेल ने द्वितीय तथा अंशुल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त पांच विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली के अनुश्रवण सहायक श्याम बाबू द्विवेदी ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। जब तक जन-जन जागरूक नहीं होगा, पर्यावरण नहीं सुधरेगा। प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए।

राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने कहा कि पॉलीथीन और प्लास्टिक पर्यावरण के सबसे बड़े दुश्मन हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रविशरण सिंह चौहान ने कहा विद्यालय केवल शिक्षा का नहीं, बल्कि संस्कार और जिम्मेदारी का भी केंद्र है। यदि प्रत्येक छात्र एक पौधा लगाए और उसकी रक्षा करे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है।

## छात्रों का जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चार बच्चे टॉपर रहे, 25 से अधिक विद्यार्थियों ने 96 परसेंटाइल से ऊपर अंक प्राप्त किये

अमृत विचार: मेडिट बरेली कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से सोमवार को जारी किए गए जेईई मेन-2026 सत्र-1 के परिणाम ने मेडिट कोचिंग संस्थान के लिए एक बार फिर गर्व का क्षण ला दिया है।

मेडिट के कई छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर करते हुए न सिर्फ अपने माता-पिता बल्कि संस्थान और शहर का नाम भी रोशन किया है। संस्थान के निदेशक विशाल वार्ष्णेय एवं विपुल गोविल ने कहा कि यह परिणाम हमारे छात्रों की लगन और संकल्प का प्रमाण है।

मेडिट हमेशा से ही क्वालिटी एजुकेशन और पर्सनल गाइडेंस पर जोर देता है। यह सफलता सिर्फ एक परीक्षा नहीं, बल्कि विश्वास और शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण की जीत है। इन छात्रों की सफलता से संस्थान में उत्साह का माहौल है। छात्र ऋषभ सक्सेना ने 99.82 प्रतिशत, आशी बास ने 99.62 प्रतिशत, धैर्य कुमार ने 99.55 प्रतिशत, दिव्यांश त्यागी ने 99.52 प्रतिशत परसेंटाइल प्राप्त किए हैं। सिर्फ टापर्स ही नहीं, बल्कि संस्थान के 25 से अधिक विद्यार्थियों ने 96 परसेंटाइल से ऊपर अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



मेडिट कोचिंग के निदेशक विशाल वार्ष्णेय व विपुल गोविल के साथ छात्र ऋषभ सक्सेना।



आशी बास।



धैर्य कुमार।



दिव्यांश त्यागी।

## इन्वर्टिस ट्रायंट्स और डॉमिनेटर ने जीत दर्ज की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इन्वर्टिस खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इन्वर्टिस प्रीमियर लीग के तीसरे दिन सोमवार को दो रोमांचक मैच खेले गए।

टूर्नामेंट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम और प्रति कुलाधिपति पार्थ गौतम के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। पहला मुकाबला इन्वर्टिस पिच स्मैशर्स और इन्वर्टिस ट्रायंट्स के बीच खेला गया। यह मैच इन्वर्टिस ट्रायंट्स ने 3 विकेट से अपने नाम किया। दूसरा मुकाबला इन्वर्टिस फाल्कंस और इन्वर्टिस डॉमिनेटर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर इन्वर्टिस फाल्कंस ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इन्वर्टिस डॉमिनेटर के गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 16.1 ओवर में 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इन्वर्टिस डॉमिनेटर ने लक्ष्य 7 विकेट शेष रहते 13.1 ओवर में हासिल करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की।




इन्वर्टिस प्रीमियर लीग में मैच खेलती टीमें। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### जीजीआईसी : रैंप वॉक और खिताबों के साथ यादगार बना विदाई समारोह



बरेली, अमृत विचार : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) बरेली में 12वीं की छात्राओं के लिए रंगारंग विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या अनु पारासरी ने दीप प्रज्ज्वलन से की और छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दीं। 12वीं की छात्राओं को टीका लगाकर मिठाई खिलाई गई। समारोह में 11वीं की छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जबकि रैंप वॉक मुख्य आकर्षण रहा। स्वाति मौर्य मिस फेयरवेल बनीं, गुनगुन को ब्यूटीफुल हेयर, शगुन को बेस्ट स्टूडेंट, कीर्ति मौर्य को बेस्ट ड्रेसअप और श्यामली को बेस्ट स्किन का खिताब मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में करुना चौधरी, उर्मिला गंगवार, योगिता सक्सेना, नम्रता पालीवाल, ज्योति स्वर्णकार, रजनी सिंह, मंजू भारती और दीक्षा शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### प्रभात नगर में 'शादी का संसार' शोरूम का भव्य शुभारंभ




बरेली, अमृत विचार : प्रभात नगर स्थित राम जानकी मंदिर के पास 'शादी का संसार' नामक नए शोरूम का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। शोरूम के मालिक मुकेश जैन की माताजी शोभा जैन ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार, वन मंत्री डा. अरुण सक्सेना सहित विधायकों, सीए, व्यापारियों की उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया तथा सभी ने प्रतिष्ठान की उन्नति की कामना की। शोरूम मालिक मुकेश जैन ने बताया कि शोरूम में विवाह एवं अन्य मांगलिक अवसरों के लिए पुरुषों के परिधानों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। रेडीमेड शेरवानी, सूट, पैंट-शर्ट के साथ मान्यवर ब्रांड के डिजाइनर कुर्ता-पायजामा और रेडीमेड कपड़े उपलब्ध हैं। इसके अलावा पार्क एवेन्यू, रेमेड्स, लेनिन क्लब, ब्लैक बीयर्स, सहित कई नामी ब्रांड के कपड़े और रेडीमेड डिजाइनर तैयार परिधान भी उपलब्ध हैं। इस अवसर पर मीरगंज विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा, मयूर जैन, सत्येन्द्र जैन एडवोकेट, चंद्रकांत त्रिपाठी, रामकृष्ण शुक्ला, राहुल गुप्ता, राजन जैन, अर्चना जैन, श्रीमती अंकिता, तनु जैन, सुबोध गुप्ता, मनोज पांडे और वीरेंद्र अटल, सीए रवीन्द्र अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, पवन अरोरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### भजन संध्या: शिव भक्ति में जमकर झूमे श्रद्धालु




बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भजन संध्या का आयोजन सोमवार को कमल टॉकीज परिसर के सभागार में हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी ही तन्मयता के साथ भगवान शिव के भजन गाए। कार्यक्रम का प्रारंभ अरुणा सिन्हा ने गणेश वंदना से किया। प्रकाश चंद्र सक्सेना ने जय-जय शिव शंकर.., रीता सक्सेना ने ओम नमः शिवाय... प्रस्तुत करके समा बांध दिया। जितेंद्र सक्सेना के भोले ओ भोले... भजन बहुत प्रस्तुत किया गया। रश्मि सक्सेना, बेबी शर्मा, नेहा अग्रवाल, शकुन सक्सेना, अरुणा सिन्हा, ब्रजेश कुमार, उषा सक्सेना, गंगा राम पाल, सुधीर मोहन ने मोहक भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने किया। इस अवसर पर एक जरुरतमन्द कन्या को वैवाहिक उपहार भी दिए गए।

### श्री महाकालेश्वर नाथ मंदिर में कार्यक्रम भंडारे से संपन्न



झांकी रही आकर्षण का केंद्र।

बरेली, अमृत विचार: महाशिवरात्रि पर श्री महाकालेश्वर नाथ मंदिर में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम सोमवार को सम्पन्न हो गया। रविवार को भव्य शिव बरात निकाली गयी। रात्रि में महोत्सव का आयोजन हुआ। सोमवार को दोपहर से शाम तक भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के सचिव मूलचंद्र मौर्य ने बताया कि मंदिर में इस बार आठवीं शिव बरात निकाली गयी।

पर्यावरण संरक्षण | 10 से 12 साल में तैयार होता है चंदन का एक पेड़, पांच लाख कीमत एक पेड़ की

# विश्वविद्यालय परिसर में महकेगी चंदन वाटिका

रतन सिंह गुर्जर, बरेली

- वाटिका में चंदन के 120 पेड़ों को किया जा रहा विकसित, बरेली की मिट्टी और मौसम है अनुकूल

अमृत विचार: महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर अब शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण और आयुर्वेदिक महत्व के पौधों के संवर्धन का भी प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में 120 पौधों की क्षमता वाली चंदन वाटिका विकसित की जा रही है, जिनमें से 80 पौधे वर्तमान में स्वस्थ रूप से विकसित हो रहे हैं।

वाटिका का शुभारंभ कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, जिला उद्यान अधिकारी और कुलपति प्रो. केपी सिंह द्वारा संयुक्त रूप से चंदन के पौधरोपण के साथ किया था। पादप विज्ञान विभाग के डॉ. विजय कुमार सिंहाल ने बताया कि बरेली की उपजाऊ मिट्टी और अनुकूल मौसम चंदन की खेती के लिए उपयुक्त हैं। इसका ही सकारात्मक परिणाम विश्वविद्यालय परिसर में लगे चंदन के पौधों की वृद्धि से स्पष्ट है। चंदन के पौधे की तेज वृद्धि के लिए होस्ट प्लांट (सहायक पौधे) की भी सहायता ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि चंदन का एक पेड़ 10 से 12 वर्षों में तैयार हो जाता है। तैयार हो जाने के बाद परिपक्व पेड़ की कीमत लगभग पांच लाख रुपये तक आंकी जाती है। बाजार में एक किलो चंदन की कीमत करीब 25 हजार रुपये है। वर्तमान में चंदन के पौधे 250 से 500 रुपये में उपलब्ध हैं, जबकि विश्वविद्यालय द्वारा वाटिका विकसित होने के बाद नर्सरी एवं किसानों को मात्र 100 रुपये में पौधे उपलब्ध कराने की योजना है। पादप विज्ञान, रसायन विज्ञान और फार्मेसी विभाग के संयुक्त प्रयास से तैयार हो रही यह वाटिका विद्यार्थियों के लिए शोध का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। चंदन जैसे बहुमूल्य एवं औषधीय पौधों का संरक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन इस परियोजना की प्रमुख विशेषता रहेगा।

चंदन वाटिका न केवल परिसर की हरियाली बढ़ाएगी, बल्कि पर्यावरण जागरूकता, आयुर्वेदिक अनुसंधान और सतत विकास की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगी।




रुहेलखंड विश्वविद्यालय में विकसित की जा रही चंदन वाटिका। ● अमृत विचार